Useful resources

End Child Sexual Abuse Foundation
Hugline: 2889 9933
Website: www.ecsaf.org.hk
Facebook: www.facebook.com/ecsafhk

Against Child Abuse
Parent-Child Support Line: 2755 1122
Website: www.aca.org.hk

RainLily
RainLily Hotline: 2375 5322
Email Support: safechat@rainlily.org.hk
Website: rainlily.org.hk

The Family Planning Association of Hong Kong
Service Hotline: 2572 2222
Website: www.famplan.org.hk

TWGH CEASE Crisis Centre
24 Hour Hotline: 18281
Website: ceasecrisis.tungwahcsd.org

Caritas Family Crisis Support Centre
24 Hour Crisis Line: 18288
Website: fcsc.caritas.org.hk

Equal Opportunities Commission
(for sexual harassment complaint)
Tel: 2511 8211
Website: www.eoc.org.hk

Social Welfare Department
Hotline: 2343 2255
Website: www.swd.gov.hk

क्या आप जानते हैं यह कैसे चोट पहुँचाता है?
यौन शोषण के वशकार लोगों में निम्न प्रभाव हो सकते हैं:

शारीरिक प्रभाव:

- बगैर कारण शारीरिक रूप से ठीक महसूस नहीं करना
- यौन संबंधों में घबराहट
- अनिद्रा और बुरे सपने
- बुलिमिया या एनोरेक्सिया से पीड़ित होना
- शराब और ड्रग्स पर आश्रित होना या इनकी लत हो जाना

मनोवैज्ञानिक प्रभाव:

- स्वयं और दूसरों पर से विश्वास खो देना
- हीनता का अहसास होना
- दोषी, गुस्सा और शर्मिंदा महसूस करना
- आत्महत्या की प्रवृति दर्शाना
- बगैर किसी कारण चिंता या घबराहट महसूस करना
- सेक्स के बारे में घृणा या डर की भावनाओं के कारण वैवाहिक समस्याएं होना

व्यवहार संबंधी प्रभाव:

- सेक्स के प्रति अस्थिर रवैया विकसित करना
- असामान्य व्यवहार करना या भावुक हो जाना
- वयस्क अवस्था में बच्चों का यौन शोषक हो जाना



बच्चों को नुकसान से बचाएं
यौन शोषण की रोकथाम करें

विषय-सामग्री प्रस्तुतकर्ता
(End Child Sexual Abuse Foundation)
टेली: 288 999 22 फैक्स: 288 999 23
ईमेल: info@ecsaf.org.hk
बिसाइट: www.ecsaf.org.hk
Facebook: www.facebook.com/ecsafhk

अनुदिकता
(Equal Opportunities Commission)
बिसाइट: www.eoc.org.hk

Hindi Version

बच्चों का यौन शोषण

कोई भी यौन गतिविधि जिसमें बच्चे शामिल हों, जैसे किसी बच्चे को फुसलाने या इनाम द्वारा बाध्य करना, या धमकियों, प्रताड़ना या हिंसा के माध्यम से किसी बच्चे का शारीरिक शोषण करना।

संपर्क से शोषण

1. जबरदस्ती चुंबन
2. किसी बच्चे के शरीर के साथ अनावश्यक छेड़छाड़ करना या रगड़ना
3. किसी बच्चे के स्तनों या गुप्तांग को छूना
4. फुसलाने, धमकाने, इनाम या कष्ट देकर जबरदस्ती ओरल सेक्स करना, संभोग करना या गुप्तांग को यौन भावना से छूना
5. हिंसक या जबरदस्ती यौन संबंध, अर्थात बलात्कार

बगैर-संपर्क शोषण

1. किसी बच्चे के साथ पोर्नोग्राफी देखना
2. किसी बच्चे के साथ टेलीफोन पर अश्लील बातचीत करना
3. किसी बच्चे को नहाते समय या कपड़े बदलते समय झांकना
4. किसी बच्चे के साथ यौन इच्छाएं प्रकट करना या यौन संबंधों का प्रयास करना
5. किसी बच्चे के सामने यौन क्रियाएं प्रदर्शित करना
6. किसी बच्चे के सामने शरीर के अंगों का अश्लील प्रदर्शन करना
7. किसी बच्चे के नग्न फोटो खींचना

अपने गुप्तांग के बारे में जानिए

यदि कोई व्यकित उसके निजी अंगों को देखने या छूने का प्रयास करे तो बच्चे को तत्काल ये कार्य करने चाहिएं:

1. "नहीं" कहें!
2. उस स्थान को छोड़ दें और किसी सुरक्षित/ज्यादा लोगों वाले स्थान पर जाएं
3. ऐसे वयस्क व्यक्ति से बात करें जिस पर आपको विश्वास हो
4. यदि वह वयस्क आपकी बात पर यकीन नहीं करता है तो किसी अन्य वयस्क व्यक्ति से बात करें जब तक कोई आपकी बात का विश्वास करे।
5. इसे अपने तक ही सीमित ना रखें। किसी को बताएं ताकि आप मदद हासिल कर सकें!
6. जितना जल्दी संभव हो 288 999 33 पर Hugline को कॉल करें।

यदि कोई बच्चा आपको बताए कि उसका यौन शोषण किया गया है तो एक वयस्क को ये कार्रवाई करनी चाहिए:

1. ध्यान से सुनें और उस पर विश्वास जाहिर करें।
2. शांत बने रहें।
3. बच्चे को यह कहते हुए दिलासा दें "इसमें आपकी गलती नहीं है".
4. बच्चे को यह कहकर प्रोत्साहन दीजिए "मुझसे बात करो, मैं यहां तुम्हारी मदद के लिए हूँ".
5. बच्चे को जोरदार ढंग से बताएं कि "मैं इसे दोबारा होने से रोक दूंगा/दूंगी"।
6. जितना जल्दी संभव हो 288 999 33 पर Hugline को कॉल करें।
7. पेशेवर लोगों से मदद मांगे या जितना जल्दी संभव हो पुलिस को रिपोर्ट करें।

आंकड़ों के अनुसार, बच्चों के यौन शोषण के आधे से अधिक मामलों में शोषण करने वाला पीड़ित का परिचित होता है।

बच्चों के यौन शोषण के सबसे आम आपराधिक स्थल होते हैं:

- शिक्षण स्थान
- पीड़ित का घर
- रिश्तेदार/परिवार के बुजुर्ग सदस्य/देखभाल करने वाले का घर
- सुनसान स्थान

अपने बच्चे की सुरक्षा करें

अपने बच्चे को सिखाएं:

- उसे अपने निजी अंगों के बारे में जानकारी दें (शरीर के अंग स्विमवीयर से ढके हुए हों)
- जब कोई उसके शरीर को छूने की कोशिश करे तो उसे तत्काल "नहीं" बोलने के लिए कहें, उस स्थान को छोड़कर किसी सुरक्षित/ज्यादा लोगों वाले स्थान पर जाने, उसके विश्विासपात्र किसी वयस्क से बात करने के लिए कहें

NO

अपने बच्चे को मत करने दीजिए:

- अन्य व्यक्तियों को उसके शरीर को संयोग से छूने की अनुमति देना
- किसी व्यक्ति के साथ अकेले में रहना
- अपने आप किसी सुनसान स्थानों पर जाना

अपने बच्चे का सम्मान करें

- उसके निजी अंगों को अनजाने में भी मत छूएं
- उसे संयोग से नग्न होने के लिए मत कहें

The End Child Sexual Abuse Foundation का लक्ष्य 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों की यौन शोषण से सुरक्षित करना है। यदि बच्चों के यौन शोषण के बारे में आप कुछ पूछना चाहते हैं तो कृपया हमारे Hugline 288 999 33 पर फोन करें।